Need to give permission for minority functions in Uttar Pradesh

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : महोदय, सबसे पहले सदगुरु रविदास महाराज जी की जयंती जो देश और दुनिया में 12 फरवरी को मनाई जा रही है, उसके लिए बधाई देता हूं ।

महोदय, भारत धर्मनिरपेक्ष देश है । पूरे देश में जहां-जहां भी बीजेपी की सरकार है, वहां एक भी जगह पर गांव में, मैं अपने क्षेत्र नगीना की बात कह रहा हूं, यूपी सरकार शोभा यात्रा निकालने की परमिशन नहीं दे रही है । संत कबीर जी, गुरु रविदास जी, भगवान बुद्ध को मानने वाले लोगों की धार्मिक भावनाओं का सरकार सम्मान क्यों नहीं कर रही है? सरकार इन लोगों को कुचलने का काम क्यों कर रही है? ऐसा तब हो रहा है, जब मुख्य मंत्री स्वयं धर्म का चोला ओढ़कर राजनीतिकरण करते हैं ।

माननीय सभापति **:** आप कोई डिमांड करें । यह राज्य का विषय है, आप यहां इस विषय को उठा रहे हैं । आप केवल डिमांड कीजिए ।

एडवोकेट चन्द्र शेखर **:** सभापति जी, मेरी मांग है कि गुरु रविदास जी की जयंती पर शोभा यात्रा निकालने की परमिशन मिलनी चाहिए और लोगों को अपने धार्मिक कार्यों को पूरा करने का अधिकार मिलना चाहिए ।